
हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 सितंबर 2025

04 छेड़छाड़ व जबरदस्ती के प्रयास से बौखलाए...



07 सोने-चांदी से जड़े विमानों में विराजित होकर जल...





## खबर संक्षेप

### जिला ग्रामीण कांग्रेस सागर का प्रदर्शन आज

**सागर।** राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के निर्देशन में पूरे देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए प्रदर्शन किये जा रहे हैं इसी तारतम्य में, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी सागर द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस कमेटी भूपेन्द्र सिंह मुहांसा के नेतृत्व मे पदयात्रा 4 सितंबर दिन गुरूवार को दोपहर 2:30 बजे, रजाखेड़ी बजरिया, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा से, मकरोनिया चौराहा, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की प्रतिमा स्थल तक की जाएगी । इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान सरकार की कथित वोट चोरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले और लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ आवाज उठाना है। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाना। लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ संघर्ष। कांग्रेस पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना है। उक्ताशय की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने प्रेस को दी।

### कलेक्टर के निर्देश पर लोक सेवा केंद्र का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा ने लोक सेवा केंद्र सागर शहरी एवं सागर ग्रामीण का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक सेवा केंद्र पर मौजूद आवेदकों से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आवेदनों को समय सीमा में निराकृत किया जाए। संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा द्वारा केंद्र की शिकायत प्राप्त करने के उपरांत आवेदकों से चर्चा की गई और सेवाएं संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि लोक सेवा केंद्र पर आने वाले आवेदकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान समय पर किया जाना चाहिए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की अंतिम चयन सूची का प्रकाशन

**सागर।** महिला एवं बाल विकास सागर ग्रामीण 2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की एमपी ऑनलाइन के माध्यम से महिला आवेदिका द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन भरे गये थे पोर्टल पर प्राप्त आगनबाड़ी कार्यकर्ता /सहायिकाओं के कुल आवेदनों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग सागर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चयन समिति के निर्णय अनुसार कार्यकर्ता/सहायिका पद हेतु अनंतिम सूची पोर्टल पर अपलोड की गई है। अंतिम सूची जारी होने की दिनांक से आगामी एक वर्ष के अंदर ग्राम में पद रिक्त होता है तो सूची अनुसार जारी मैरिट सूची से ही पद की पूर्ति की जावेगी। एक वर्ष के उपरांत ही नवीन नियुक्ति की प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

### लाखा बंजारा झील में गणेश विसर्जन न करें

**सागर।** कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि गणेश विशर्जन पर लाखा बंजारा झील में प्रतिमाओं का विसर्जन न करें। उन्होंने कहा कि यह झील शहर की धरोहर है और इसके संरक्षण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। कलेक्टर ने बताया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर विशेष ट्रॉलियाँ उपलब्ध कराई जाएंगी। इन ट्रॉलियों के माध्यम से प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित स्थलों पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाखा बंजारा झील को सुरक्षित एवं सुंदर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए जिलेवासियों से अनुरोध है कि वे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें और प्रशासन द्वारा तय की गई व्यवस्थाओं का पालन करें।

आंगनाबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण संदर्भ सेवाएं मुहैया कराएं : कमिश्नर

## लाड़ली लक्ष्मी योजना में उदासीनता पर पन्ना, छतरपुर, बिजावर बड़ा मलहरा परियोजना अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण संदर्भ सेवाएं मुहैया कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर सागर संभाग ने सभी महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारियों, परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों को स्वच्छ और सुन्दर बनाए आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की समुचित उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में कमिश्नर ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में पन्ना, छतरपुर, बिजावर, बड़ा मलहरा परियोजनाओं में लाड़ली लक्ष्मी योजना की प्रगति काफी कम हुई है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि इन सभी परियोजना अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाए कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित प्रगति क्यों नहीं हुई है। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में जिन महिला बाल विकास विभाग की परियोजनाओं में लाड़ली लक्ष्मी योजना का 75 प्रतिशत से कम लक्ष्य हासिल किया गया है ऐंसे सभी परियोजना अधिकारियों को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जिलेवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शासन की अतिमहत्वकांक्षी योजना है इस योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की भी उदासीनता और लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ सभी पात्र गर्भवती महिलाओं तक पहुंचना चाहिए। कमिश्नर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पन्ना और सागर जिले में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पन्ना और जिला कार्यक्रम अधिकारी सागर को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए वहीं कमिश्नर ने परियोजना अधिकारी पवई, निवाड़ी, पृथ्वीपुर को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य मैदानी कर्मचारी, अधिकारी अपने निर्धारित मुख्यालय में ही रहना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए कि वे आंगनवाड़ी केन्द्रों, परियोजना अधिकारियों के कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण करें तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों की सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर द्वारा एनआरसी केन्द्रों की स्थिति की भी जिलेवार समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास बीएल प्रजापति, संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### जिले के सभी ब्लॉकों में की गई किसान संघों की बैठक

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों द्वारा किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई और उनसे खाद वितरण सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि खाद वितरण में किसान संघ के पदाधिकारियों से चर्चा की जाए और उनकी उपस्थिति में खाद वितरण कराया जाए। इसी परिपेक्ष्य में सागर में एसडीएम अदिती यादव, तहसीलदार राहुल गौड़ के द्वारा किसान भाइयों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में खाद वितरण उर्वरक की दुकानों का निरीक्षण संबंधी चर्चा की गई।किसान संघ बीना में बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम विजय डेहरिया के द्वारा भारतीय किसान मजदूर महासंघ और भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के सीताराम ठाकुर आदि उपस्थित रहे। किसान संघ के द्वारा डीएपी की समस्या, एनपीके से संबंधित चर्चा की गई, खाद, बीज, उर्वरक की दुकानों के निरीक्षण से संबंधित चर्चा की गई। इसी प्रकार खुरई एसडीएम मनोज चौरसिया तहसीलदार राकेश अहिरवार द्वारा भी किसान संघों की बैठक आयोजित की गई और आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं और उनके समाधान के लिए विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राहतगढ़ एसडीएम श्री अशोक सेन के द्वारा भी बैठक आयोजित की गई। जैसीनगर एसडीएम रोहित वर्मा के द्वारा बैठक आयोजित की गई ।

## विधायक शैलेंद्र जैन ने ली अतिक्रमण दल की बैठक, दिया पौधरोपण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



विधायक शैलेंद्र कुमार जैन मंगल वार को नगर निगम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं आयुक्त राजकुमार खत्री के साथ अतिक्रमण दल की बैठक की और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की समीक्षा की। बैठक में विधायक जैन ने अतिक्रमण की स्थिति और टीम की कार्यप्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शहर में सड़क पर अव्यवस्थित रूप से खड़े हाथ ठेला, मनिहारी दुकानें और फुटपाथ पर लगने वाले अन्य ठेले व्यवस्थित ढंग से लगाए जाएं। विधायक जैन ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा यदि हम लोगों को पहले से स्पष्ट व्यवस्था बताएंगे तो वह आसानी से उसका पालन कर पाएंगे। बिना बताए अचानक कार्रवाई करने से अव्यवस्था बढ़ सकती है। इसलिए पहले समझाइए, फिर नियम का पालन कराइए। उन्होंने विशेष रूप से मस्जिद क्षेत्र के चारों ओर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर पीली लाइन के बाहर किसी भी प्रकार की दुकान या हाथ ठेला नहीं लगेगा। यदि कोई इसका उल्लंघन करता है तो तत्काल कार्यवाही की जाए।

बैठक के दौरान विधायक जैन ने नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने पौधारोपण करने वाली टीम को निर्देश दिए कि "बरसात के शेष दिनों का पूरा उपयोग करें और प्रतिदिन पौधे लगाकर शहर की सुंदरता और हरियाली बढ़ाएं।" उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों सहित सभी प्रमुख स्थानों पर पौधे लगाए जाएं ताकि शहर को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र खटीक, देवेंद्र अहिर वार, भरत अहिरवार, पराग बजाज, प्रहलाद पटेल, उपायुक्त एसएस बघेल, सहायक आयुक्त खान मैडम, सहित नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। साथ ही संजय तिवारी, दिनकर शर्मा, संयम चतुर्वेदी, हरेंद्र खटीक, बबलू चौरसिया, आयुष शुक्ला, संजय सोनी, राजू रैकवार, महादेव सोनी भी उपस्थित थे।

### सोनभद्र के किनारे नपा ने घाटों की साफ-सफाई करवाई



**गढाकोटा।** 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर विभिन्न गणेशोत्सव समितियां एवं श्रध्दालुगण प्रथम पूज्य श्री गणेश भगवान का विसर्जन माँ सोनभद्र नदी के किनारे करते हैं । नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने बताया कि प्रतिमाओं की विसर्जन की तैयारी में घाट की साफ सफाई नगर पालिका सफाई कर्मचारी कर रहे हैं। भैया गोपाल भार्गव श्रध्दालुओं की सुविधा के लिए माँ सोनभद्र के किनारे विभिन्न सुंदर घाटों का निर्माण करवाया है । अतः न. पा. के कर्मचारियों सहित स्वयं उपस्थित होकर इन सम्पूर्ण घाटों की व्यवस्थित साफ सफाई करवायी ।जिससे श्रध्दालुओं को पूजन एवं विसर्जन करने के हेतु स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण मिल सके।

### सड़क पर निवास करने वाले दो बच्चों का आंगनबाड़ी में प्रवेश कराया गया

**सागर।** कलेक्टर के निर्देश पर सड़क पर निवासरत बच्चों के संबंध में कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन की टीम द्वारा 2 बच्चों का आगंनबाड़ी केन्द्र मे प्रवेश करवाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में रजनी बारोलिया, पर्यवेक्षक सुरभी मिश्रा ,आई.सी.पी. एस. से सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग मौर्य एवं अमित असाटी की संयुक्त टीम ने अस्थाई डेरों मे निवास कर रहे परिवारों से संपर्क कर 6 वर्ष से छोटे बच्चों को आगंनबाड़ी में पंजीयन की सलाह दी। 2 बच्चों का पंजीयन आगंनबाड़ी कार्यकर्ता मंजुषा श्रीवास्तव द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-6 , सिविल लाइन सागर में करवा दिया गया है इन बच्चों को नियमित आई.सी.डी.एस. की सेवाएं दी जायेंगी।

रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न

## युवा आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करेंगे : अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भाजपा युवा नेता अविराज सिंह ने रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 11 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक मोती नगर के पद्माकर सभागार में वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारतीय दृष्टिकोण विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया है। जिसके आयोजक के नाते मैं आप सभी को आमंत्रित करने आया हूँ।

अविराज सिंह ने कहा कि संत दादा गुरुजी के सानिध्य में ये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संत दादा गुरुजी चार वर्षों से निरंतर बिना भोजन के केवल जल और वायु पर रह रहे हैं। वे बहुत पूजनीय संत हैं। अविराज सिंह ने कहा कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉक्टर विनोद मिश्रा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता यंग थिंकर्स फोरम इंडिया, जिसके वे निर्देशक आशुतोष है, वे अपने राष्ट्र के सबसे प्रखर और ज्ञानी वक्ताओं में से एक है, तो निश्चित ही, आप सभी इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। मैं ऐसी आशा करता हूं।

उन्होंने कहा कि युवा संवाद के माध्यम से वैश्विक चुनौतियां जैसे अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ, पाकिस्तान के षड्यंत्र, और भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के उपायों पर गहराई से चर्चा की जाएगी। पाकिस्तान जैसे राष्ट्र निरंतर अपने राष्ट्र के खिलाफ षड्यंत्र करते रहते हैं। सभी चैलेंजेस का यही सल्यूशन है कि हम भारत को एक आत्म निर्भर राष्ट्र बनाएंगे। एक सेल्फ सस्टीरिंग इकोनॉमी बनाएंगे ।आप सभी यह जानते हैं कि हमारे देश ने हाल ही में सेमी कंडक्टर चिप बनाना शुरू किया है। इसी के साथ डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में हमारा देश अच्छा काम कर रहे हैं। अविराज सिंह ने कहा कि युवा संवाद का महत्व क्या है ? हम सभी युवा ये सोच रखे ये सपना देखे कि हमें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करना है, तो हम निश्चित ये कर सकते हैं। युवा संवाद समस्याओं का समाधान निकालने, नए विचार खोजने, सकारात्मक सोच विकसित करने और राष्ट्र में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रक्रिया है। यह तनाव कम करता है और युवाओं को रिलैक्स भी करता है। उन्होंने कहा कि जब भी युवा संवाद होता है इससे समस्याओं का समाधान निकलता है। अपने देश, समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। इसलिए युवा संवाद एक कार्यक्रम नहीं है। जैसे अमृत मंथन से अमृत निकला, वैसे युवा संवाद से अमृत निकलता है, और वही अमृत अपने राष्ट्र को आगे ले जाता है। इसलिए निरंतर युवाओं में संवाद होते रहना चाहिए। इसका एक और कारण है कि जब युवा संवाद करते हैं तो हमारा स्ट्रेस कम होता है, टेंशन कम होती हैं, और हम रिलैक्स फील भी करते हैं। इसी दृष्टिकोण से 11 सितंबर प्रोग्राम बहुत महत्वपूर्ण है।

अविराज सिंह ने कहा कि विवेकानंद जी ने युवा वर्ग को बड़ा सोचने, सकारात्मक संवाद करने, आत्मविश्वास रखने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को साकार करने का संदेश दिया गया है। भारत के कुछ युवा जिन्होंने कम उम्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। जैसे 39 वर्षीय शुभांशु शुक्ला जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में काम कर रहे हैं, और 19 वर्षीय गुकेश जो चैस के विश्व चैंपियन बने हैं।



### रहली में निकली चुनरी यात्रा, भक्तों ने धूमधाम से किया सुनार मैया का पूजन

**रहली।** डोल ग्यारस पर नगर के भक्तों द्वारा एक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह यात्रा रहली की जीवनदायिनी सुनार नदी को समर्पित थी, जिसका उद्देश्य नदी के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करना था। यात्रा रहली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सुनार नदी के तट तक पहुंची। इस दौरान भक्तजन अपने सिर पर चुनरी लेकर चल रहे थे और जयकारे लगा रहे थे। चुनरी यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। चुनरी यात्रा का समापन सुनार नदी के तट पर हुआ, जहां विधि-विधान के साथ चुनरी को नदी में समर्पित किया गया। चुनरी समर्पण के बाद, भक्तों ने सुनार मैया की महाआरती की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान नदी के तट पर विशेष सजावट की गई थी और दीप जलाए गए थे, जिससे एक मनमोहक दृश्य उत्पन्न हुआ। यह आयोजन रहली के लोगों द्वारा नदी के संरक्षण और उसके महत्व को दर्शाने के लिए किया गया था। उक्त आयोजन नदी में विराजित गणपति जी के आयोजन की उत्सव समिति अंकेश हजारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### समाज के पहरेदारों का सम्मान करेंगे मनी गुरोंन



**सागर।** सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष और समाजसेवी अधिमान्य पत्रकार महासंघ के प्रदेश मंत्री मनी सिंग गुरोंन हाल ही में विदेश यात्रा से अपने वतन और गृह नगर लौटे है,पू र्व निर्णय के अनुसार मनी सिंग द्वारा जल्द ही, समाज के पहरेदार और न्याय प्रक्रिया के महत्वपूर्ण अंग, (प्रेस, पुलिस, लॉयर) पत्रकार,पुलिस,और वकीलों का सम्मान करेंगे। मनी सिंह का कहना है कि चाहे पत्रकार हो पुलिसकर्मी हो या वकील हो यह हमेशा ही न्याय की मांग करने वालों के साथ खड़े नजर आते हैं। कोई भी परिस्थिति हो लेकिन यह अपना कर्तव्य नहीं भूलते, और इसी वजह से ये सम्मान के हकदार हैं। हालांकि लोगों की अलग अलग राय हो सकती है लेकिन अगर सच्चाई की तह तक जाया जाए तो कहीं ना कही किसी न किसी रूप में न्याय के पीछे इनकी सहभागिता जरूर होती है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए बहुत जल्द एक सम्मान समारोह के माध्यम से इन सभी का सम्मान किया जाएगा।



### एसडीएम ने किया फ्रूट फॉरेस्ट के कार्यों का निरीक्षण

**रहली।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में विकासखंड रहली मैं फ्रूट फॉरेस्ट्री योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों का स्थल निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी रहली कुलदीप पाराशर और जनपद सीईओ आरजी अहिरवार के द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ किया गया। विकासखंड में ग्राम कड़ता, दरारिया, बरखेरा ओर जूना में योजना अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं। निरीक्षण में संबंधित एजेंसी वाटरशेड मिशन को तेजी से प्रगति लाने निर्देशित किया गया। ग्राम बरखेड़ा में फेंसिंग कार्य और जूना में पौधे प्राप्त कर रोपण कार्य शीघ्र करने कहा गया हैं। निरीक्षण में एपीओ मनरेगा रहली तथा वाटरशेड परियोजना के अधिकारी उपस्थित रहें।



### समय पर भोजन व नाश्ता प्रदान नहीं करने पर स्वसहायता समूहों को नोटिस जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सागर शहरी 01 परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र कमांक 16 शिवाजी वार्ड, आंगनबाडी केन्द्र कमांक 20 गोपालगंज, आंगनबाडी केन्द्र सिविल लाईन केन्द्र कमांक 08, आंगनबाडी केन्द्र संजय नगर केन्द्र कमांक 25 का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। आंगनबाडी केन्द्र शिवाजी वार्ड एवं गोपालगंज वार्ड में बच्चों को 11.30 बजे तक नाश्ता एवं भोजन प्राप्त नहीं होना पाये जाने से कृति स्वसहायता समूह को पुनः नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार आंगनवाडी केन्द्र कमांक 25 संजय नगर में प्रातः 11 बजे तक नाश्ता एवं भोजन प्रदाय नहीं किये जाने से सीता स्वसहायता समूह को नोटिस जारी किया गया है ।

### कलेक्टर के निर्देश का असर जिला चिकित्सालय परिसर में लगाई गई प्रकाश व्यवस्था

**सागर।** कलेक्टर के निर्देश का तत्काल असर जिला चिकित्सालय परिसर में देखने को मिला। कलेक्टर के द्वारा विगत दिवस जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था जिसमें उन्होंने प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता व्यवस्था पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कड़े निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम एवं जिला चिकित्सालय प्रशासन के द्वारा त्वरित कार्य करते हुए जिला चिकित्सालय परिसर में निर्देश के अनुसार प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई इसी प्रकार सफाई व्यवस्था भी लगातार कराई जा रही है सिविल सर्जन आरएस जयंत ने बताया कि नगर निगम के द्वारा प्रकाश एवं साफ सफाई की व्यवस्था कराई जा रही है।


### सागर जिले का निवासी है किन्नर, पुलिस ने थाने ले जाकर की पूछताछ

# छेड़छाड़ व जबरदस्ती के प्रयास से बौखलाए किन्नर ने किया गांधी चौराहे पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शुमार गांधी चौराहे पर मंगलवार देर रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक ब्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ करते हुए जबरदस्ती करने का प्रयास करने पर एक किन्नर बौखला गया। नाराज किन्नर ने बीच सड़क पर हंगामा शुरू कर दिया। उक्त घटना कोतवाली थाने से मात्र 100 मीटर की दूरी पर घंटाघर चौराहे पर हुई, जिससे लोग भी हैरान रह गए कि थाने के करीब ऐसा उपद्रव कैसे हो रहा है। फिर ज़ब किन्नर ने अपनी आपबीती बताई तब लोगो की समझ में मामला आया।





#### सड़क पर निर्वस्त्र होकर मचाया उत्पात

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किन्नर अचानक कपड़े उतारकर सड़क पर निर्वस्त्र हो गया और जोर-जोर से चिल्लाने लगा। करीब 30 मिनट तक वह चौराहे पर हंगामा करता रहा। इस दौरान जब आसपास के लोग उसे कपड़े पहनाने और शांत कराने के लिए पास पहुंचे, तो उसने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इससे मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग दूर खड़े होकर नज़ारा देखते रहे।

#### सागर जिले का रहने वाला है किन्नर

कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि हिरासत में लिया गया। किन्नर सागर जिले का रहने वाला है। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि किसी विवाद के बाद वह इस मानसिक तनाव में आकर ऐसा व्यवहार कर बैठा। पुलिस ने उसे रातभर कोतवाली में रखा और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों का कहना था कि यह इलाका देर रात भी काफी भीड़भाड़ वाला रहता है। ऐसे में करीब आधे घंटे तक हंगामा होते रहने के बावजूद स्थिति को नियंत्रित करने में देरी हुई, जिससे लोग असुरक्षित महसूस करने लगे। बुधवार सुबह तक यह घटना पूरे शहर में चर्चा का विषय बनी रही।

#### पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर की कार्रवाई

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन में बिना वर्दी का एक जवान साड़ी लेकर आया और किन्नर को पहनाने का प्रयास किया, लेकिन उसने साड़ी फेंक दी और पुलिसकर्मियों पर भी चिल्लाने लगा। इसके बाद पुलिसकर्मी दौड़कर उसे काबू में करने की कोशिश करने लगे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया।

---

ऊमरी रोजगार सहायक पर भारी भ्रष्टाचार के लगे आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग


# साहब...सरकारी योजनाओं को चहेतों तक सीमित करने वाले से बचाओ !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कलेक्टर साहब, आप संपूर्ण जिले में जनहित कार्यो में लापरवाही करने बालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रहे हैं। लेकिन हमारे पंचायत की कमियां आप तक क्यों नहीं पहुंच रही। हमारी पंचायत में सरकारी योजनाओं को अपनों व चहेतों तक सीमित करने वाले रोजगार सहायक से आप हमें बचाओ। उक्त गुहार जिले के टीकमगढ़ जनपद अंतर्गत ग्रामीण पंचायत ऊमरी के ग्रामीणों द्वारा लगाई जा रही है।

ऊमरी ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने रोजगार सहायक गोविंद सिंह पर सरकारी योजनाओं के फंड के दुरुपयोग और नियम-विरुद्ध भुगतान करने का आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन दिनांक 25 अगस्त को प्रस्तुत किया गया। इससे पहले 20 अगस्त को भी प्रतिनिधि मंडल ने इस मामले को उठाया था। शिकायतकर्ताओं में जगदीश सिंह चौहान सहित गांव के बृहद संख्या में ग्रामीणजन शामिल हैं। ग्रामीणों ने आवेदन में दावा किया है कि प्रधानमंत्री आवास व मनरेगा से संबंधित मस्टर रॉल अपने परिचितों के खातों में अंकित कर नगद निकासी करवा ली जाती है और वास्तविक हितग्राही को भुगतान नहीं मिलता। आवेदन के अनुसार रोजगार सहायक बिना पूर्व स्वीकृति व शासन-निर्धारित प्रक्रिया अपनाए ही कार्यों को पोर्टल पर दर्ज कर मस्टर जारी कर रहा है, जिससे सरकारी राशि का गमन संदिग्ध तरीके से हो रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि रोजगार सहायक अक्सर पंचायत में अनुपस्थित रहता है और बड़ागांव में ठहरा हुआ है; गांव में उसके एजेंट बैठे हैं और हितग्राहियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है इन आरोपों की भी जांच मांगी गई है।



प्रति,
श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय जी
जनपद पंचायत व जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)
विषय– रोजगार सहायक ग्राम पंचायत ऊमरी के भ्रष्टाचार एवं नियम विरुद्ध कार्यो की जांच कर कार्यवाही करने बाबत्।
महोदय जी,
उपरोक्त विषयक निवेदन करना है कि ग्राम पंचायत ऊमरी के रोजगार सहायक श्री गोविंद सिंह मनरेगा के कार्यों में निरंतर भ्रष्टाचार करते आ रहे है प्रधानमंत्री आवास में मनरेगा की राशि के मस्टर अपने लोगो के खाते में डालकर निकाल लेते है हितग्राही को कभी नहीं मिलती। यह व्यक्ति शासन की प्रकिया का पालन किये बिना मनरेगा कार्यो को पोर्टल पर दर्ज कर मस्टर डालकर शासन की राशि हड़प रहा है पंचायत के किसी भी कार्य में रुचि नहीं लेता हितग्राही भटकते रहते है स्वयं बड़ागांव में निवास करता है गांव में अपने एजेंट बिठा रखे है। पंचायत में जाकर शराब पीता है एवं हितग्राहियों से गाली–गलौच करता है यह बिना स्वीकृति कराएं कार्यो को मौका पर किये बिना निम्न कार्यो के मस्टर डालकर शासन की राशि का गमन कर रहा है
- 1.डगबेल निर्माण कार्य 2025–26 कार्यो की संख्या 09 निर्गत राशि 89901/– हजार मौका पर उपलब्ध नहीं।
- 2.खेत तालाब 2025–26 कार्यो की संख्या 04 निर्गत राशि लगभग 5–6 लाख है उन्हीं कार्यो का पूर्व में भी भुगतान कर चुका है एवं गत वर्ष भी चल रहा है।
- 3.खेत–तालाब जगदीश सिंह पूर्ण होने पर भी द्विवेषस भुगतान नहीं कर रहा है जो 2021–22 से लंबित है।
- 4.वसुधा अमृत वाटिका 2023–24 की राशि का गमन।
- 5.परकुलेशन पिट निर्माण कार्य मुहार हार एवं हसरा हार 2022–23 की राशि का गमन। सभी कार्यो को लिखना संभव नहीं है।

अतः उक्त के संबंध में निवेदन करना है कि उपर्युक्त की जांच करवाकर कार्यवाही करने का कष्ट करें।
दिनांक 25-08-25
जगदीश सिंह चौहान
एवं समस्त ग्रामवासी ऊमरी

आवेदन में विशेषकर कुछ परियोजनाओं का उल्लेख है जिन पर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता कहते हैं कि डगबेल निर्माण (वित्तीय वर्ष 2025झ26) के नौ कार्यों के लिए लगभग 89,901 रुपये निर्गत दिखाए गए हैं, जबकि मौके पर कार्य मौजूद नहीं थे। खेत-तालाब के चार कार्य जिनके लिए 2025झ26 में लगभग 5झ6 लाख रुपये की राशि निर्गत बताई गई है, ऐसे ही कई कार्यों का भुगतान पूर्व में भी किया जा चुका या वर्षों तक चल रहा दिखाया गया। जगदीश सिंह के खेत-तालाब का भुगतान 2021झ22 से लंबित है, वसुधा अमृत वाटिका (2023झ24) तथा परकुलेशन पिट निर्माण (2022झ23) से जुड़ी राशियों के भी गमन के आरोप आवेदन में उठाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि यह सूची लंबी है और सभी मामलों का ब्यौरा एक ही आवेदन में समेट पाना संभव नहीं था। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच कर मौके का निरीक्षण किया जाए, पोर्टल पर दर्ज मस्टर रॉल व भुगतान प्रविष्टियों का मिलान कराया जाए और जो राशि गलत तरीके से निकाली गई हो उसे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुँचाने के प्रबंध किए जाएं। आवेदन में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई और सामूहिक मुआवजे की भी मांग की गई है।

---

### व्हाट्सऐप पर फर्जी फाइलों का जाल, एसपी ने दी चेतावनी

# एपीके फाइल एंड्रॉयड मैसेज साइबर ठगी का नया तरीका: पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

साइबर अपराधियों के नए हथकंडों से लोगों को सावधान करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिलेभर में साइबर सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता संदेश जारी किया है। एसपी मंडलोई ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि हाल ही में साइबर अपराधियों ने लोगों को ठगने का एक नया तरीका अपनाया है। वे अब मोबाइल पर फर्जी एपीके फाइल एंड्रॉयड पैकेज किट भेजकर खातों से रकम उड़ा रहे हैं।

एसपी मंडलोई ने जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में कई लोग इन फाइलों के झांसे में आ चुके हैं। अपराधी व्हाट्सऐप, संदेश सेवा या ईमेल के जरिए योनो एप अपडेट, केवाईसी अपडेट या किसी सरकारी योजना का बहाना बनाकर फर्जी फाइल भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को इंस्टॉल करता है, उसके मोबाइल में खतरनाक वायरस मैलवेयर आ जाता है। यह वायरस गुपचुप तरीके से मोबाइल से ओटीपी, बैंक डिटेल, पासवर्ड और संपर्क सूची चोरी कर लेता है।



इसके बाद अपराधियों के लिए बैंक खाते से पैसा उड़ाना आसान हो जाता है।

एसपी मंडलोई ने बताया कि अब व्हाट्सऐप ग्रुप भी अपराधियों के निशाने पर आ गए हैं। यदि किसी सदस्य ने गलती से ऐसी फाइल डाउनलोड कर ली तो उसका व्हाट्सऐप अकाउंट हैक हो सकता है। इसके बाद अपराधी उसी ग्रुप में फर्जी लिंक और संदेश भेजते हैं। कई लोग इन्हें सच मानकर क्लिक कर देते हैं और धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। इस तरह एक व्यक्ति की गलती पूरे समूह के लिए खतरा बन सकती है।

एसपी मंडलोई ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनजान स्त्रोतों से आई किसी भी फाइल या लिंक को डाउनलोड न करें। मोबाइल की सेटिंग में अनजान स्त्रोतों से इंस्टॉल का विकल्प बंद रखें और केवल गूगल प्ले स्टोर या आधिकारिक वेबसाइट से ही एप डाउनलोड करें। साथ ही व्हाट्सऐप की सेटिंग में मीडिया अपने आप डाउनलोड होऱ का विकल्प भी बंद रखना चाहिए। एसपी मंडलोई ने कहा कि किसी भी सरकारी विभाग, बैंक या संस्था से आए संदेश की पुष्टि केवल उनकी आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन से करें। ठगी की स्थिति में घबराने की बजाय तुरंत कार्रवाई करना जरूरी है। पीड़ित नागरिक राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते हैं या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। समय पर की गई शिकायत से खोए हुए पैसों को वापस पाने की संभावना बढ़ जाती है। एसपी मंडलोई ने कहा है कि तकनीक हमारे जीवन को आसान बनाती है, लेकिन जरा-सी लापरवाही हमारी मेहनत की कमाई को पल भर में छीन सकती है। इसलिए सतर्क रहना ही सुरक्षा की सबसे बड़ी कुंजी है।

**युवक से मारपीट कर धमकाया**

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम ककरूआ निवासी राजेन्द्र राजपूत पुत्र बाबूलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 30 अगस्त को अपराह्न करीब एक बजे वह स्टेशन के पास दूध लेने गया था, तभी नेहरूनगर निवासी नसीम बाबू, आशु अहिरवार, सोहिल, अखिलेश, मोन्टी एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों से मारपीट कर दी।

---



# भगवान बलराम जयंती को व्यापक स्तर तक ले जाना हमारा उद्देश्य

**किसान संघ की तहसील स्तरीय मासिक बैठक कुंडेश्वर में संपन्न**

**टीकमगढ़।** भारतीय किसान संघ की तहसील टीकमगढ़ और बड़ागांव की मासिक बैठक कुंडेश्वर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत भगवान बलराम पूजन से हुई। कार्यक्रम का संचालन तहसील मंत्री निर्देश अहिरवार ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ हर जगह भगवान बलराम जयंती मना रहा है और इस परंपरा को और व्यापक स्तर तक ले जाना होगा। बैठक में तहसील अध्यक्ष रामचंद्र श्रोती ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में किसानों को सबसे बड़ी परेशानी खाद की पर्याप्त उपलब्धता और उचित कीमत पर न मिलना है। साथ ही, किसानों को फसल बीमा और मुआवजा राशि भी समय पर नहीं मिल पा रही है। भारतीय किसान संघ ने किसानों को भगवान बलराम जी के महत्व से अवगत कराया और खेती-किसानी से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि खाद वितरण को लेकर किसानों की समस्याएं गंभीर हैं। इस पर किसानों ने नकद खाद काउंटर चालू करने की मांग रखी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिले भर में शीघ्र ही नकद काउंटर शुरू किए जाएंगे और इस विषय पर कलेक्टर से विस्तार से चर्चा होगी।

फसल बीमा को लेकर किसानों ने बताया कि उन्हें अब तक बीमा राशि नहीं मिली है। कुछ किसानों ने कहा कि उन्हें कम से कम मुआवजा राशि ही दिला दी जाए। जिलाध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि इस विषय में भी कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा और किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

बैठक में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से नरेन्द्र सिंह ठाकुर, डरू रजक, किशनलाल कुशवाहा, लम्पू प्रजापति, शिवदीन अहिरवार, कमल सिंह यादव, मुरारी लाल विश्वकर्मा, अमान सिंह बुंदेला, सुरेंद्र सिंह परमार, कालीचरन अध्यक्ष कुंडेश्वर, हुकम सिंह यादव अध्यक्ष नीमखेरा, दिलीप अहिरवार अध्यक्ष चरपुंआ, रामगोपाल अहिरवार, वीरेंद्र सेन, जंडेल सिंह परमार, कमल यादव, रामस्वरूप यादव, प्रकाश यादव, दीनदयाल आदि रहे मौजूद।

---

### एसपी ने सुनी पुलिस कर्मचारियों की समस्याएं

# पुलिस बल में हर जवान परिवार का हिस्सा समस्याओं को न करें नजरअंदाज: एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने 2 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के पुलिस कर्मचारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जवानों की निजी और सेवा से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में खासतौर पर उन कर्मचारियों से बातचीत की गई जो बीमारी, दुर्घटना या पारिवारिक कारणों से प्रभावित हैं। एसपी मंडलोई ने उनकी स्थिति की विस्तार से जानकारी ली और कहा कि पुलिस बल में हर जवान परिवार का हिस्सा है, इसलिए उनकी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

#### बीमारियों और छुट्टियों के मामलों में त्वरित निर्णय

एसपी मंडलोई ने संबंधित शाखाओं को आदेश दिया है कि बीमारियों और छुट्टियों से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए और उन्हें समय पर जरूरी राहत प्रदान की जाये। जिससे कोई भी कर्मचारी अनावश्यक रूप से परेशान न हो।

#### अनुशासन व परेड पर कड़ा रुख

एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को यह भी हिदायत दी कि परेड में नियमित उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की पहचान ही अनुशासन है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। अनुशासनहीनता के मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

#### वरिष्ठ अधिकारी भी रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, शीघ्र लेखक रत्नेश तिवारी और सहायक उपनिरीक्षक गौरव सिंह घोष सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

---

### युवक ने वनक्षेत्राधिकारी बन रचा इतिहास

# ग्रामीण युवक ने मजबूत चाह की दम पर कठिन रास्ता पार कर पाई मंजिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जहां चाह हो वहां राह कितनी भी कठिन हो लेकिन मंजिल खुद व खुद आसान हो जाती है। ऐसा ही उदाहरण एक ग्रामीण युवक ने अपनी मजबूत चाह की दम पर कठिन राहो को पार करके मंजिल पाकर पेश किया है। ज़िले की खरगापुर तहसील अंतर्गत ग्राम फुटेर चक्र 1 के निवासी काशीराम अहिरवार ने वन क्षेत्राधिकारी के रूप में पहली नियुक्ति शिवपुरी वनवृत्त में प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव में पहली नियुक्ति पर लौटने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बेहद साधारण और गरीब परिवार से उठकर आई इस सफलता ने न केवल गांव बल्कि पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल बना दिया है। काशीराम अहिरवार ने एमपीपीएससी 2020 की राज्य वन सेवा परीक्षा में यह पद हासिल किया। इससे पहले वे वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक और वर्ष 2020झ21 में मध्यप्रदेश असिस्टेंट ऑडिटर के पद पर कार्य कर चुके हैं। मात्र 25 वर्ष की आयु में तीन सरकारी नौकरियों का रिकॉर्ड बनाकर वे आज मजदूर और गरीब वर्ग के युवाओं के लिए सच्चे रोल मॉडल बन गए हैं।

---

### आदिवासी समुदाय विकास के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की हुई शुरुआत

# विभागों की संयुक्त भागीदारी से होगी आदिवासी बहुल ग्रामों में बैठकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आदिवासी बहुल क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान का आगाज जिले में हो गया है। बुधवार को कलेक्टर विवेक श्रोतिय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में इस अभियान की रूपरेखा साझा की गई। जिले के 62 आदिवासी बहुल गांवों को इस अभियान में शामिल किया गया है। उक्त जानकारी कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा दी गई।

#### सात विभागों की संयुक्त भागीदारी

कलेक्टर श्रोत्रिय नें बताया कि अभियान के तहत सात विभागों की संयुक्त भागीदारी तय की गई है। ये विभाग आदिवासी बहुल गांवों में नियमित रूप से साप्ताहिक बैठकें करेंगे। इन बैठकों में स्थानीय आदिवासी समुदाय भी शामिल होगा और मिलकर गांवों के विकास की कार्ययोजना बनाई जाएगी।






#### अभियान का मुख्य उद्देश्य, समुदाय को सशक्त बनाना

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाना और उन्हें शासन की योजनाओं से सीधे जोड़ना है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों में अब भी कई खामियां हैं। इन्हें दूर करने के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय ने यह अभियान शुरू किया है।

#### सेवा, समर्पण और संकल्प से प्रेरित

कलेक्टर श्रोत्रिय का कहना है कि यह अभियान सेवा, समर्पण और संकल्प से प्रेरित है। इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की कोशिश की जाएगी। अभियान विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी सहायक साबित होगा।

#### पारदर्शिता और शिकायत निवारण पर जोर

कलेक्टर श्रोत्रिय नें बताया कि अभियान के प्रमुख लक्ष्यों में पारदर्शी शासन को बढ़ावा देना, सहभागी योजना को प्रोत्साहित करना और शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत करना शामिल है। इसके साथ ही राष्ट्रीय और राज्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि विकास की मुख्यधारा में आदिवासी समुदाय पीछे न छूटे।

### जलझूलनी ग्यारस पर जिलेभर में निकाले गए विमान, दर्शन को उमड़े लोग

# सोने-चांदी से जड़े विमानों में विराजित होकर जल विहार को निकले भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जल झूलनी ग्यारस पर शहर सहित जिलेभर में डोल ग्यारस पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सबसे बड़ा आयोजन जिला मुख्यालय पर हुआ। यहां विभिन्न मंदिरों से भगवानों को विमानों में बैठाकर जल विहार को ले जाया गया। 48 मंदिरों से विमानों में बैठकर निकले भगवान के स्वागत में श्योपुर वासियों ने पलक पांवड़े बिछा दिए। दर्शनों के लिए रास्तों में इतनी भीड़ उमड़ी कि सड़कों पर पैर रखने तक को जगह नहीं मिली। गणेश बाजार, पुल दरवाजा और बड़ौदा रोड के मकानों के छज्जे व छतों पर ही हजारों लोग खड़े थे। जल विहार को निकले भगवानों के दर्शन करने पहुंचे दर्शनार्थियों ने केले व अन्य फलों के भोग लगाएं। इस दौरान विभिन्न अखाड़ों के अखाड़ेवाजियों ने अपनी कला कौशल का प्रदर्शन भी किया। सोंईकलां, दांतरदा, ढोढर, विजयपुर, कराहल, मानपुर और बड़ौदा में भी डोल निकाले गए।

बुधवार को करीब 4 बजे मंदिरों से भगवान को जल विहार कराने के लिए विमानों में बैठाकर निकाला गया। विभिन्न मंदिरों से टोढ़ी गणेश बाजार लक्ष्मीनारायण मंदिर पर पहुंचे विमानों की सामूहिक पूजा अर्चना की गई यहां से सभी विमानों को बैंडबाजों के साथ समारोह पूर्वक बंजारा डैम पर जल विहार के लिए ले जाया गया। सूर्यास्त से पहले सभी विमान बंजारा डैम पर पहुंच गए। यहां भगवानों को जल विहार कराया गया। इसके बाद नगर पालिका द्वारा बनाए गए चबूतरों पर भगवान के दर्शनों के लिए विमानों को रखा गया। यहां पर सामूहिक आरती की गई। सामूहिक आरती के बाद सभी देव विमानों को वापस मंदिरों पर ले जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस बीच भगवानों को तीन स्थानों पर विराम दिया गया। पहला पुल दरवाजे के बाहर, दूसरा मालियों का मंदिर और तीसरा गणेश बाजार में। गणेश मंदिर के पास विमानों को रात 12 बजे तक दर्शनार्थियों के लिए रखा गया।



#### चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच निकाले विमान

डोल ग्यारस के त्योहार को लेकर पुलिस ने व्यवस्था चाक चौबंद रखी थी। एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर हर विमान के साथ 2 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, जो मंदिर से लेकर बंजाराडैम तक और वापस मंदिर पहुंचने तक साथ रहे। इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों चौराहों, मंदिरों पर पुलिसकर्मी रात 12 बजे विमानों के वापस मंदिरों पर लौटने तक तैनात रहे। कलेक्टर अर्पित वर्मा, एसपी वीरेन्द्र जैन, सहित आला अधिकारी कोतवाली पर बैठकर दिनभर मेला व्यवस्था की जानकारी अधिकारियों से लेते रहे और शाम को जलविहार के समय बंजाराडैम पहुंचकर महाआरती में शामिल हुए।





#### जगह-जगह आयोजित हुए भंडारे

डोल ग्यारस पर जगह-जगह गरीबों के लिए भंडारे आयोजित किए गए। डोल ग्यारस पर बड़ी संख्या में गरीब आदिवासी वर्ग शहर में समारोह देखने आता है। ऐसे गरीबों को भोजन कराने के लिए स्वंयसेवी संस्थाओं ने स्टॉल लगाकर भोजन वितरण किया। रामतलाई हनुमान मंदिर, नगर पालिका के सामने, चौपड़ गणेश जी मंदिर पर, पुल दरवाजे के बाहर आदि स्थानों पर स्टॉल लगाकर गरीबों को भोजन वितरण किया गया।

### भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह प्रसंग

# अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं:शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर में नगर पालिका के पीछे स्थित श्री मुरली मनोहर महाराज मंदिर पर चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास पं कृष्ण मुरारी शास्त्री ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी के विवाह की कथा का वर्णन किया। कथा सुनकर मंदिर में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा कृष्ण-रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा कथा स्थल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। भजन गीतों से सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे।


कथा व्यास पं कृष्ण मुरारी शास्त्री ने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणी के साथ संपन्न हुआ। लेकिन रुक्मणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती हैं। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो बहुत प्रभावित हुईं और मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। लेकिन रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। इसीलिए श्रीकृष्ण ने हरण कर रुक्मणी से विवाह किया।



# तप के जरिए हम पहुंच सकते हैं उन्नति के शिखर पर:अरिहंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर में दिगंबर जैन समाज द्वारा मनाए जा रहे पयुर्षण पर्व के सातवें दिवस बुधवार को तप धर्म के अवसर का व्याख्यान किया गया। इसके पूर्व प्रातः शांति धारा अभिषेक महावीर प्रसाद, सोनू कुमार करवर परिवार के द्वारा की गई। जबकि शाम को बीस पंथी मंदिर में भक्तामर पाठ किया। प्रवचन के दौरान पंडित अरिहंत जैन शास्त्री जयपुर द्वारा उत्तम तपधर्म के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपने मन तथा पांच इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना तप कहलाता है हम तपको प्राप्त कर उन्नति के शिखर पर चढ़ सकते हैं और संयम को भूलकर अधोगति को प्राप्त हो जाते हैं जिस प्रकार गाड़ी में अगर ब्रेक नहीं है तो गाड़ी कहीं पर भी जाकर टकरा सकती है उसी प्रकार अगर हमारे जीवन में तप नहीं है तो हमारा जीवन भी कहीं पर भी किसी भी समय समाप्त हो सकता है। हमको अपने मन पर कंट्रोल करना है अपनी इच्छाओं पर कंट्रोल करने का नाम संयम है। उन्होंने कहा कि उत्तम तप धर्म हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण गुण है, जिसका अर्थ है आत्म-शुद्धि और आध्यात्मिक विकास के लिए कठोर तपस्या करना। उत्तम तप धर्म को धारण करके हम अपने जीवन में बहुत कुछ प्राप्त कर सकते हैं। प्रवचन श्रवण करने के लिए बडी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थे।



### एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने त्योहार में भी डाला खलल

# बारिश से शहर तरबतर, दुकानों के भीतर घुसा पानी, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर सहित अंचल भर में बुधवार को हुई झमाझम बारिश ने पूरे शहर को अस्त व्यस्त कर दिया। शहर के बाजारों में इतना अधिक पानी भरा गया कि दुकानों के भीतर तक घुस गया। जिससे दुकानदारों को आर्थिक रूप से नुकसान भी उठाना पड़ा।

मंगलवार की रात हुई झमाझम बारिश के बाद सुबह बूंदाबांदी के बाद मौसम खुल गया जिससे जलझूलनी एकादशी की तैयारी करने वालों ने राहत की सांस ली लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद इतनी तेज बारिश हुई कि एक घंटे में शहर के बाजार नदी नाले से दिखाई देने लगे। शहर के मैन मार्केट, चूड़ी मार्केट, सब्जी मंडी, पुल दरवाजा, टोडी गणेश मंदिर सहित कई वार्डों में भी बारिश का पानी भर गया। बाजार और चूड़ी बाजार के बाजारों में सुपरमार्केट के साथ ही पानी मकानों के अंदर प्रवेश कर गया। इस दौरान दुकानदार अपना सामान ऊंचाई पर रखकर बचाते दिखे। बारिश के आ जाने से जल झूलनी एकादशी पर निकाले जाने वाला धार्मिक जुलूस भी प्रभावित हुआ, भगवानों के विमानों को मंदिर समितियों द्वारा तय समय के बाद ही लाना पड़ा।



# जसवंत सिंह बने किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, कांग्रेसियों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

किसान नेता जसवंत सिंह मीणा बछेरी को मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी का श्योपुर इकाई का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर जिले के कांग्रेसियों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में श्योपुर विधायक बाबू जंडेल, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा, राममिलन रावत सोंई आदि कांग्रेसी शामिल हैं।

#### गाली देने से मना किया तो कर दी पति-पत्नी से मारपीट, तीन पर एफआईआर

श्योपुर। शराब के नशे में गालिया दे रहे युवकों को वेवजह गाली देने से रोकने की समझाइस देना एक पति पत्नी को महंगा गया, क्योंकि गालिया दे रहे युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडे से पति पत्नी की मारपीट की दी। यह मामला रघुनाथपुर कस्बे का है। रघुनाथपुर थाना पुलिस ने बताया कि मारपीट से रघुवीर कुशवाह और उसकी पत्नी कैलाशी बाई जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल कराया गया। इस मामले में कैलाशी बाई की रिपोर्ट पर केदार कुशवाह, बंटी कुशवाह तथा एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

#### ग्राम पंचायत रायपुरा के लिए बनेगा नया भवन, भूमि आवंटित

श्योपुर। ग्राम पंचायत रायपुरा के लिए अब नवीन पंचायत भवन बन सकेगा। पंचायत भवन निर्माण के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा रायपुरा में 0.0420 हेक्टयर भूमि स्थाई पट्टे पर आवंटित की गई है। न्यायालय कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम रायपुरा में पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि सर्वे क्रमांक 244/2 रकबा 0.0420 हेक्टयर भूमि पंचायत को स्थाई पट्टे पर आवंटित की गई है।

### सीएमओ के आदेश के बाद शहर में सफाई कामगारों ने दी हड़ताल की चेतावनी

# सफाई कर्मचारियों ने मांगा वेतन, सीएमओ ने जारी कर दिया सेवा से पृथक करने का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समय पर वेतन दिए जाने और वेतन से काटी गई पीएफ राशि का हिसाब देने की मांग करना नपा के सफाई कर्मचारियों को भारी पड़ता दिखाई पड़ रहा है। विगत दिनों कलेक्टर से गुहार लगाने के बाद सीएमओ आरआर यादव ने 57 सफाई कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने के आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि सीएमओ ने यह आदेश काम की जरूरत नहीं होने और पूर्व में विशेष काम हेतु समय सीमा के लिए काम पर लगाए जाने के साथ-साथ नगर पालिका का खजाना खाली होने का उल्लेख भी किया है पर कर्मचारी नेता सीएमओ के इस आदेश को मनमाना पूर्ण और कर्मचारियों पर दबाव डालने की नीति बता कर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दे रहे हैं।

सीएमओ आरआर यादव ने एक आदेश जारी करते हुए सफाई दरोगाओं को निर्देशित किया है कि पूर्व में कार्य सुविधा व स्वच्छता सर्वेक्षण मिशन 2024 को वृष्टिगत रखते हुए निकाय ने 57 अस्थाई श्रमिक सफाई कार्य के लिए लगाए गए थे। चूंकि वर्तमान सर्वेक्षण 2024 पूरा हो गया है और निकाय में जनसंख्या के मान से अधिक सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं। जिससे उनके वेतन भुगतान में समस्या उत्पन्न हो रही है। इसलिए सभी प्रभारी सफाई दरोगाओं को निर्देशित किया जाता है कि पूर्व में विशेष काम के लिए लगाए गए सभी 57. श्रमिकों को कार्य से पृथक किया जाता है। आप उनमें से किसी से भी किसी प्रकार का कार्य न कराएं यदि किसी भी श्रमिक से किसी भी प्रकार का कार्य कराया जाता है तो उसके मानदेय की सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रभारी सफाई दरोगा की होगी। 57 अस्थाई श्रमिकों को निर्देशित किया जाता है कि आपकी सेवा 31.08.2025 को समाप्त की जाती है उसके उपरांत भी आप निकाय में किसी भी प्रकार का कार्य करते है तो उसका मानदेय आपको निकाय द्वारा नहीं दिया जावेगा। हालांकि यह फरमान सिर्फ 57 सफाई कर्मचारियों के लिए निकल गया है लेकिन इसका असर समस्त नगर पालिका कर्मचारियों पर प्रातः दिख रहा है समस्त नगर नपा कर्मचारी इस आदेश के खिलाफ हड़ताल पर जाने की तैयारी करने लगे हैं खासकर सफाई कर्मचारी जो एक-दो दिन में आवेदन देकर शहर की सफाई व्यवस्था बंद कर देने की तैयारी में हैं।




#### कुछ पार्षद कर्मचारी सही बता रहे सीएमओ की कार्रवाई

हालांकि कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने का विरोध तेज होता जा रहा है लेकिन कुछ पार्षद और नगर पालिका के स्थाई कर्मचारी ऐसे भी है जो सीएमओ के इस आदेश को सही ठहरा रहे हैं। एक कर्मचारी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जो 57 सफाई कर्मचारियों को कुछ महीने के लिए विशेष भर्ती के तहत रखा गया था बाद में इनका काम खत्म हो जाने के बाद इन्हें हटाया जाना था लेकिन हटाया नहीं जिसका असर दूसरे कर्मचारियों पर भी पड़ा है। इस भर्ती में भारी गड़बड़ घोटाला हुआ था जो लोग लगाए गए थे वह कहीं सफाई करते दिखाएं नहीं पढ़ रहे थे पार्षद भी इसकी लगातार शिकायत करते आ रहे हैं थे पार्षदों की शिकायत के बाद ही सीएमओ यादव ने उन्हें सेवा से पृथक करने का निर्णय लिया है।

#### सीएमओ बोले जरूरत पड़ेगी तो फिर रख लेगे

पूर्व में कार्य सुविधा व स्वच्छता सर्वेक्षण मिशन 2024 को वृष्टिगत रखते हुए निकाय ने 57 अस्थाई श्रमिक सफाई कार्य के लिए लगाए थे। चूंकि वर्तमान सर्वेक्षण 2024 पूरा हो गया है और निकाय में जनसंख्या के मान से अधिक सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं। जिससे उनके वेतन भुगतान में समस्या उत्पन्न हो रही है। अनुपयोगी होने पर 57 कर्मचारी हटाए गए हैं जरूरत पड़ने पर फिर रखे भी जा सकते हैं।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

सफाई कर्मचारियों के वेतन से काटा गया पीएफ शासन को जमा नहीं किया है जो गंभीर वित्तीय अपराध है। यह मामला कलेक्टर के संज्ञान में लाने पर सीएमओ ने कर्मचारियों पर दबाव डालने की नीयत से उन्हें सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया है जो हिटलर फरमान है इसके विरुद्ध समस्त सफाई कर्मचारी और समस्त नगर पालिका कर्मचारी एकजुट होकर विरोध करेंगे।

**विजय धूलिया**
**जिलाध्यक्ष सफाई कामगार यूनियन श्योपुर**

### भाजपा नेताओं की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस, एफआईआर दर्ज

# हाईवे पर बदमाशों ने लूटपाट करने वाहनों पर किया पत्थरों से हमला, दहशत में आए लोग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर शिवपुरी हाईवे पर मंगलवार बुधवार की रात को गुजरने वाले वाहनों में सवार लोग तब दहशत में आ गए, जब इस हाईवे पर कराहल थाना क्षेत्र स्थित ऊपरी खोरी मोड के पास जंगल में बदमाशों ने लूटपाट करने के इरादे से वाहनों को रोकने के लिए न सिर्फ हाइवे पर पत्थर डालकर रास्ता अवरूद्ध किया, बल्कि ग्वालियर से सब्जी लेकर आ रहे वाहनों सहित अन्य वाहनों पर पत्थरों से हमला भी बोल दिया। जिससे वाहनों के शीशे टूट गए तथा वाहनों में सवार कुछ लोगो को भी चोट भी आई है। बदमाशों ने भोपाल से श्योपुर लौट रहे भाजपा नेताओं की गाडी को भी रोकने का प्रयास किया। लेकिन भाजपा नेताओं ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल कराहल थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी और फिर कराहल थाना पुलिस भी बिना कोई देरी किए मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस को मौके पर बदमाश तो नहीं मिले, लेकिन बदमाशों की इस हरकत के सबूत घटनास्थल पर मिले है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात बदमाशों पर मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

भाजपा नेता राघवेन्द्र सिंह जाट और सत्यनारायण यादव ने बताया कि कराहल घाटी के पास जंगल में बदमाशों के द्वारा लूट करने की मकसद से अंजाम दी गई यह वारदात बुधवार की तडके तीन बजे के आसपास की है। दरअसल हम लोग मित्रो के साथ जब भोपाल से श्योपुर लौट रहे थे, तभी कराहल घाटी के पास बदमाशों के द्वारा बीच हाइवे पर पत्थर डालकर रास्ता बंद कर रखा था। बदमाशों ने हमारी गाडी को भी रोकने का प्रयास किया, लेकिन हम सीधे कराहल थाने पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे। इसके पहले बदमाश यहां कई वाहनों पर पत्थरों से हमला कर चुके थे। इससे वाहनों के शीशे टूट गए और ग्वालियर से सब्जी लेकर आ रहे कुछ वाहन चालक चोटिल भी हो गए। इस संबंध में एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना का कहना है कि सूचना मिलते ही हमने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेज दिया, जहां बदमाश तो नहीं मिले, मगर पत्थर हाइवे पर पडे मिले है तथा वाहन के शीशे भी टूटे पडे मिले है। इस मामले में वाहन चालक पूरण सेन की शिकायत पर कराहल थाने में मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। वाहन चालकों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। त्रिकालीन समय में हाइवे की गश्त व्यवस्था में और कसावट लाई जाएगी।



#### एसपी से मिले भाजपा नेता, बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की मांग

कराहल थाना क्षेत्र में बदमाशों के द्वारा हाइवे पर अंजाम दी गई वाहनों पर पत्थरों से हमला किए जाने की वारदात को लेकर भाजपा नेता बुधवार को एसपी वीरेन्द्र जैन से मिले। भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण की अगुवाई में मिले भाजपा नेताओं ने एसपी को इस घटना के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि बदमाशों की इस हरकत से इस हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों में दहशत की स्थिति निर्मित हो गई है। बदमाशों को जल्द पकडा नहीं गया तो वे आगे किसी गंभीर वारदात को भी अंजाम दे सकते है। इसलिए इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए रात्रि के दौरान इस हाइवे के सफर को भयमुक्त बनाया जाए। एसपी को ज्ञापन सौपने के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण के साथ भाजपा नेता राघवेन्द्र सिंह जाट, सत्यनारायण यादव सहित अन्य भाजपा नेता भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### गणेश विसर्जन घाट का नपा अध्यक्ष, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बीना।** श्री देव रघुनाथ बडा मंदिर स्थित मोतीचूर घाट पर गणेश विसर्जन की तैयारियों को लेकर बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार एवं एसडीएम विजय डेहरिया ने नपा स्टाफ के साथ तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैरिकेट लगाने, पर्याप्त विद्युत व्यवस्था करने बी बात कही। पर्याप्त विद्युत व्यवस्था के निर्देश के बाद नगर पालिका का अमला सक्रिय हुआ और लाइटिंग बढ़ाने का काम शुरू किया। एसडीएम ने पीने के पानी की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। साथ ही मोतीचूर नदी के घाट तक पहुंचने के लिए एक ही रास्ता होने के कारण एसडीएम ने घाट तक प्रतिमा पहुंचने में किसी भी प्रकार समस्या उत्पन्न न हो इसे लेकर भी निरीक्षण किया और रूपरेखा तैयार की। गौरतलब है कि शहर में विराजमान बड़ी प्रतिमाओं के साथ घरों में रखी गई बड़ी संख्या में छोटी, बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन मोतीचूर घाट पर किया जाता है।

### दादाजी की डांट से नाराज छात्र घर से हुआ लापता

**कोलारस।** कोलारस थाना क्षेत्र के रामपुर गांव का रहने वाला एक 21 वर्षीय छात्र विपिन पुत्र वीरेंद्र शर्मा 31 अगस्त को करीबन दोपहर 3.30 बजे घर से लापता हो गया है। बताया गया है कि 28 अगस्त को विपिन के दादाजी ने उसको अधिक मोबाइल चलाने एवं पढ़ाई न करने को लेकर डांट दिया था, संभवत इसी बात से वह नाराज हो गया और गुस्से में आकर उसने अपना मोबाइल फोड़ दिया और घर से लापता हो गया। घर से जाते समय विपिन शर्मा नीले रंग का जीन्स और काले रंग की शर्ट पहने हुए था। विपिन के चाचा कृष्णा शर्मा ने भतीजे के गुमशुदगी की शिकायत कोलारस थाने में दर्ज कराई है।

### छात्रावासों के निरीक्षण हेतु अधिकारी नियुक्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले के समस्त अनुभाग अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों, आश्रमों में तहसीलदार, नायव तहसीलदार का दल गठित कर निर्धारण बिंदुओं के संबंध में निरीक्षण किए जाने हेतु 34 अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

## श्री राधा जन्मोत्सव पर कोलारस में निकला भव्य चल समारोह

# भक्तों की सेवा में कभी कमी न होने देंगे: वलवीर निवोरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

कोलारस में केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के आशीर्वाद से ऐसे ही भंडारे चलते रहेंगे और यहां से निकलने वाले किसी भी श्रद्धालु की सेवा में कभी कमी न आने देंगे। ये कहना है कट्टर सिंधिया निष्ट भाजपा नेता वलवीर निवोरिया का। ज्ञात रहे कि विगत दिवस कोलारस में श्री राधा जन्मोत्सव के अवसर पर चल समारोह का आयोजन किया गया था। उक्त संदर्भ में जानकारी देते हुए भाजपा नेता वलवीर निवोरिया, भाजपा महामंत्री नबल सोलंकी, श्रीराम गौड़ ने बताया कि उक्त कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रेरणा से किया गया था और हमेशा की जाने वाली इस सेवा कार्य की कड़ी में श्री राधा जन्मोत्सव के पावन पर्व पर ज्योतिरादित्य सिंधिया सेवा समिति द्वारा चल समारोह में पधारे सभी भक्तजनों का स्वागत एवं प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन जगतपुर चौराहे पर रखा गया था। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। साथ ही श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया सेवा समिति के सभी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से वलवीर निवोरिया श्रीराम गौड़, नबल सोलंकी, दीपक रघुवंशी, आकाश पुष्पेंद्र चौहान, हरिओम राठौर, जसवंत पाल, महेश गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, सोनपाल धाकड़, राजकुमार जाटव इत्यादि थे। ज्ञात रहे कि समिति के सदस्य जीवन द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में भाजपा के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। जिनमें नेहा अमित यादव जिला पंचायत अध्यक्ष शिवपुरी, रामकृष्ण यादव, चंदू श्रीवास्तव, दीपक जैन, मंगल सिंह कुशवाह, देशपाल सिंह राजावत, सोनू जैन खरई आदि ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपना सेवा कार्य में योगदान दिया।




## मनुष्य का जीवन उसके कर्मों से ही निर्धारित होता है : नीलम दीदी




**बीना।** मनुष्य का जीवन उसके कर्मों से ही निर्धारित होता है। हर छोटा-बड़ा कार्य आत्मा के खाते में अंकित होता है और उसी के अनुसार जीवन सुख-दुख का अनुभव करता है। यह बात ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा भानगढ़ में आयोजित कथा के चौथे दिन कर्म सिद्धांत, कर्मफल पर कथा का वाचन करते हुए कथावाचिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने कही। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान में किए गए विचार और कर्म ही भविष्य की दिशा तय करते हैं। इसलिए सकारात्मक संकल्प, श्रेष्ठ विचार और सत्कर्मों को अपनाना ही जीवन का वास्तविक लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी अर्जुन को यही शिक्षा दी थी कि फल की चिंता किए बिना कर्म करते रहो, क्योंकि कर्म ही आत्मा की उन्नति और पतन का कारण बनते हैं। केवल शारीरिक कार्य ही नहीं, बल्कि विचार और संकल्प भी कर्म की श्रेणी में आते हैं। नकारात्मक संकल्प दुख का कारण बनते हैं जबकि सकारात्मक संकल्प आनंद का द्वार खोलते हैं। परमात्मा शिव से योग जोड़कर मनुष्य अपने पुराने कर्मों के बोझ को हल्का कर सकता है और नए सत्कर्मों की कमाई से जीवन को सफल बना सकता है। इस मौके पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके जानकी दीदी, बीके सरस्वती दीदी, बीके मधु दीदी, बीके रिया दीदी, बीके आरती दीदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 10 तक रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश

# पर्यावरण जागरूकता को लेकर स्वच्छ व हरित विद्यालयों की होगी रेटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिला शिक्षा केंद्र में राज्य शिक्षा केंद्र से आए अधिकारी अतुल त्रिवेदी की मौजूदगी में डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने सभी ब्लॉकों के बीआरसीसीएबीएसीए जन शिक्षक व सहायक यंत्रियों को निर्देश दिए कि भारत सरकार द्वारा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन योजना चालू की गई है। इसके तहत राज्य शिक्षा केंद्र से वीसी में 10 सितंबर तक अपने.अपने ब्लॉकों के स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के रजिस्ट्रेशन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसलिए सभी जनपद शिक्षा केंद्रों के बीआरसी बीससी व सीएसी को विद्यालयों के शत प्रतिशत पंजीयन कराना जरूरी होगा।

### स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना के स्थान पर शुरू की गई स्वच्छ एवं हरित विद्यालय योजना

जिला शिक्षा केंद्र में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने कहा कि भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा द्वारा वर्ष 2016.17 से संचालित स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना के स्थान पर स्वच्छ एवं हरित विद्यालय 2025.26 आरंभ की गई है। इसका मकसद जिले के सभी शासकीय व अशासकीय प्राथमिक विद्यालयए माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, संचालन एवं रखरखाव, पर्यावरणीय जागरूकता तथा मिशन लाइफ गतिविधियों के आधार पर विद्यालयों का मूल्यांकन सुनिश्चित करना है।

# डोल ग्यारस पर धूमधाम के साथ नरसिंह मंदिर से निकले विमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



नगर में जलझूलनी एकादशी डोल ग्यारस पर शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भजन कीर्तन के साथ भगवान विमानों में विराजमान होकर जलविहार को निकले। इस मौके पर विमानों को विशेष रूप से सजाया गया एवं विद्युत सज्जा की गई। नगर के नरसिंह मंदिर से विमान जी का चल समारोह निकाला गया। चल समारोह नरसिंह मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए रात बड़ा मंदिर पहुंचे। नरसिंह मंदिर से सर्वोदय चौराहा तक भगवान के विमान को कांधे पर उठाकर लाया गया। बाद में सुसज्जित ट्रेक्टर ट्राली पर विमानों को विराजमान कर शहर भ्रमण कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जयकारने लगाते हुए चल समारोह में शामिल हुए। रथ पर विराजमान भगवान का भक्तों ने दर्शन कर जगह-जगह पूजा-अर्चना की। मंदिरों में भजन कीर्तन के आयोजन हुए। गौरतलब है कि प्रति वर्ष डोल ग्यारस पर नरसिंह मंदिर से विमान निकाले जाते हैं।

### त्यौहारों पर होने वाले आयोजनों को लेकर कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में कानून, शांति व्यवस्था को बनाए रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश अनुसार अनुभाग दण्डाधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव को संपूर्ण अनुभाग अशोकनगर के लिए, शुभ्रता त्रिपाठी को संपूर्ण अनुभाग चंदेरी के लिए, त्रिलोचन गौड को संपूर्ण अनुभाग ईसागढ़ तथा मनीष धनगर को संपूर्ण अनुभाग मुंगावली के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट के रूप में ड्यूटी लगाई गई है।

# महाकाल दर्शन करने को निकले 15 वर्षीय बालक को 1 घंटे में परिवारजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




थाना नईसरांय पुलिस ने घर से बिना बताये, उज्जैन महाकाल मंदिर दर्शन करने निकले 15 वर्षीय बालक को 01 घंटे में परिवारजनों से मिलाया। जिससे परिवार जनों ने खुशी जाहिर की है और पुलिस का आभार माना है।

थाना नईसरांय क्षेत्र के ग्राम भुगावली निवासी हाल कस्बा नईसरांय में रहने वाले अरविंद यादव के द्वारा बताया गया कि उसका 15 वर्षीय बालक जो कि अपने घर से स्कूल जाने का कहकर निकला था। स्कूल न जाकर अपने परिवारजनों को बिना बताये नईसरांय से बस द्वारा गुना एवं गुना रेल्वे स्टेशन से बीना-नागदा ट्रेन से उज्जैन मंदिर में महाकाल दर्शन के लिए चला गया है। जिसकी सूचना उसने अपने ताउ के लडके को ट्रेन से ही अन्य किसी यात्री के मोबाईल से दी थी।

मामले की गंभीरता देखते हुये नईसरांय पुलिस के द्वारा तत्काल जीआरपी इंदौर कंट्रोल रूम से संपर्क कर ट्रेन की लोकेशन प्राप्त कर रेल्वे स्टेशन शाजापुर जीआरपी चैकी की मदद से 01 घण्टे के अंदर ही बालक को ट्रेन से सुरक्षित दस्तयाब करवाकर बालक की उसके परिजनों से बातचीत कराई गयी। नईसरांय पुलिस द्वारा बालक के परिजनों को अपने साथ चैकी शाजापुर ले जाकर बालक से मिलाया गया। बालक के द्वारा बताया गया कि मैं अपनी मर्जी से घरवालों को बिना बताये महाकाल मंदिर में दर्शन करने जा रहा था, मेरे साथ कोई घटना घटित नहीं हुई है व बालक को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे पहुंचे भरत सिंह चौहान के निवास पर, जाना स्वास्थ्य का हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

जपं के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान लंबे समय से प्रोस्टेट की समस्या से पीडित थे। जिसके चलते ग्वालियर के नवजीवन हॉस्पिटल में उन्होनें ऑपरेशन कराया। चिकित्सों ने उन्हें कुछ समय तक बैडरेस्ट की सलाह दी है। हालहि में अपने शिवपुरी जिले के दौरा कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी श्री चौहान के निज निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और नवजीवन हॉस्पिटल के डॉक्टरों से दूरभाष पर चर्चा भी की थी। सिंधियानिष्ठ भरत सिंह चौहान भाजपा के बडे नेताओं में शुमार हैं। उनके सरल, सहज स्वभाव के कारण उनकी संपूर्ण कोलारस विधानसभा क्षेत्र में खासी लोकप्रियता है। जिसके चलते सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और कोलारस अनुभाग क्षेत्र की जनता लगातार उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने उनके शिवपुरी महाराणा प्रताप कालोनी स्थित निवास पर पहुंच रही है। इसी क्रम में कोलारस के लोकप्रिय नेता पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे भी उनका हाल-चाल जानने उनके निज निवास पर पहुंचे और श्री चौहान के शीघ्र ही स्वस्थ्य होने की कामना ईश्वर से की।



# राष्ट्रीय पोषण आहार सप्ताह के तहत हो रहे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 1 सितंबर से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण आहार सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत बुधवार को स्वास्थ्य संबंधी व्याख्यान के अंतर्गत एनीमिया, मानव शरीर में पोषक तत्वों की कमी विषय एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें गृह विज्ञान विभाग की अतिथि विद्वान डॉक्टर दीपमाला सिंह ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है, जो कि शरीर में रक्त कोशिकाओं को सुदृढ करते हैं और मनुष्य का शरीर स्वस्थ रहकर कार्य करता है। इसलिए हमें हरी सब्जियां, फल एवं पर्याप्त मात्रा में पानी का उपयोग करना चाहिए।

प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने कहा किशोरावस्था एवं युवावस्था जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसलिए आप सभी को स्वस्थ रहने के लिए निश्चित दिनचर्या पोषण आहार तनाव मुक्त जीवन एवं आलस रहित जीवन शैली को अपनाना चाहिए। डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा कि स्वास्थ्य हमारी पूंजी है और हमारी पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए हमें पोषण युक्त भोजन नियमित भ्रमण योग अभ्यास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन का संचालन आरती ठाकुर एवं आभार डॉक्टर आशीष गुप्ता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर शुभम राठौड़, अमरजीत सिंह मठारू, निलेश शर्मा, विकास ठाकुर, जितेंद्र नामदेव, मनीष कुशवाहा, रामबाबू रैकवार, संजय नोतानी, पूजा रजक एवं रंजना पंथी उपस्थित रही।

## शर्मा ने अपने जीवन का बहुमूल्य समय बच्चों के भविष्य के निर्माण के लिए दिया

# पूर्व संकुल प्राचार्य शर्मा को सम्मान के साथ दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस




शासकीय सेवा में हरेक कर्मचारियों को एक न एक दिन सेवानिवृत्त होना ही है लेकिन शासकीय सेवा में 42 वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण करना एक उपलब्धि है। हमारे साथी शिक्षक कैलाश शर्मा ने अपने जीवन का बहुमूल्य समय विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माण के लिए दिया। वह पूर्व संकुल प्राचार्य भी रहे। विद्यालय उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। यह बात शासकीय पीएम श्रीस्कूल खरई के प्राचार्य रामनिवास जाटव ने विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कैलाश शर्मा की सेवानिवृत होने पर आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर उप प्राचार्य राकेश आचार्य, शिवकुमार मेहता, राजीव विश्वकर्मा, फिरोज खान, मनीष भार्गव, पुनीत चौहान, विजय शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, घनेंद्र वर्मा, अजय जाटव, दिलीप वर्मा, कमलेश जाटव, रिंकल यादव, बबली अहिरवार, रानी माहौर, अवधपुरी गोस्वामी समीर कुरेशी, राजेंद्र लोधी, हाकिम सिंह रावत व चरनलाल आदि मौजूद थे।

**शॉल-श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर दी गई विदाई** शासकीय पीएम श्री स्कूल खरई में विद्यालय के शिक्षक कैलाश शर्मा के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवानिवृत हुए शिक्षक कैलाश शर्मा का स्टाफ की तरफ से पुष्पहार पहना कर स्वागत किया गया। इसके साथ ही संकुल प्राचार्य व बदरवास के प्रभारी बीईओ रामनिवास जाटव द्वारा शॉल व श्रीफल भेंट कर सेवानिवृत हुए कैलाश शर्मा का अभिनंदन किया गया और उनको स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत में संकुल प्राचार्य द्वारा शिक्षक के आगामी समय के लिए सुखद व उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# धूप दशमी के अवसर पर महिला मंडल ने की मंदिरों में जाकर किया धूप का क्षेपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



धूप दशमी के अवसर पर महिला मंडल ने की मंदिरों की वंदना, मंदिरों में जाकर किया धूप का क्षेपण। नगर में इस जैन समाज के दसलक्षण पर्व की धूम मची है, जिसमें जहां प्रतिदिन सुबह सभी मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा के साथ पूजन आदि की क्रियाएं की जा रही है।

वहीं इस पर्व के अवसर पर कई परिवारों द्वारा शांतिनाथ विधान भी किए जा रहे है, जो पूरे भक्ति भाव के किया जा रहा है मंगलवार को दसलक्षण पर्व के छठवें दिवस उत्तम संयम धर्म के रूप में मनाया गया जो हमे मन शांत रखने ओर सभी क्रियाएं संयम पूर्वक करने की प्रेरणा देता है वहीं नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय पर शांतिधारा करने का सौभाग्य विजय देवी भगत परिवार उत्तम चंद जी मदऊखेड़ी परिवार, संदीप कुमार जी बरैया, परिवार संजय कुमार की सिंधंई परिवार को मिला साथ ही कई परिवारों द्वारा शांतिनाथ विधान का सौभाग्य भी प्राप्त किया।

इसमें शांति विधान कर्ता परिवार विजय देवी भगत परिवार, पुष्पा देवी मोदी समस्त परिवार, चंद्रेश कुमार मोदी समस्त परिवार, उत्तमचंद राकेश कुमार, ऋषभ कुमार जैन मदऊखेड़ी परिवार को प्राप्त हुआ जिसमें विधान सुनील नायक ने सम्पन्न कराया, वही मंगलवार को धूप दशमी के अवसर पर नगर के सभी मंदिरों में शीतलनाथ भगवान की विवेष पूजा की गई। धूप दशमी के अवसर पर नगर की महिला मंडल ने नगर के समस्त जिनालयों की पैदल बंदना की यह पैदल यात्रा नगर के पुराने बाजार से शुरू की गई को नगर के सभी मंदिरों में जाकर पूरी हुई साथ ही इस अवसर पर महिलाओं ने सभी मंदिरों में धूप का क्षेपण किया ओर यात्रा के दौरान जैन धर्म के नारे लगाते हुए ओर जैन ध्वज हाथ में लिए चल रही थी।